**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 10.09.2019**

**THE TRIBUNE**

# GARG IS REGISTRAR OF JC BOSE VARSITY

**Faridabad:** Dr Sunil Kumar Garg, Director-Principal of the Shri Ram College of Engineering and Management, Palwal, is the new Registrar of the JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad. Dr Garg assumed the office as the sixth Registrar of the university in the presence of Vice Chancellor Dinesh Kumar recently. The appointment has been made on the recommendation of the state government.

The Tribune Tue, 10 September 201
https://epaper.tribur

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 10.09.2019**

**HINDUSTAN**

# ई-बुक के बारे में छात्रों को जागरूक किया

**फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में इंजीनियरिंग की पुस्तकें एक क्लिक पर उपलब्ध हैं। छात्र कंप्यूटर या मोबाइल एप के जरिए इन ई-बुक्स को पढ़ सकते हैं। विश्वविद्यालय में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय की ओर से हुई कार्यशाला के दौरान ये जानकारी दी गई।

संस्थान की ओर से छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को जागरूक करने के लिए ई-संसाधनों के उपयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। लाइब्रेरियन डॉ. पीएन बाजपेयी ने इस दौरान विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध ई-संसाधनों के उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए इनका इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने बताया कि पुस्तकालय ने प्रमुख प्रकाशकों से छह हजार से अधिक ई-बुक्स के अलावा ई-रिसोर्स पैकेज की सदस्यता ली हुई है। वहीं टीईक्यूआईपी-3 के तहत उपलब्ध फंड से पियरसन एजुकेशन और मैकग्रा-हिल एजुकेशन से 15 लाख रुपये से अधिक की राशि से करीब 250 ई-बुक्स खरीदी हैं। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग की ये किताबें स्नातक और स्नातकोत्तर सभी कोर्सों के लिए उपलब्ध है।

**NEWS CLIPPING: 10.09.2019**

**DAINIK JAGRAN**

## ई-संसाधनों के बारे में छात्रों को किया जागरूक

फरीदाबाद : वाईएमसीए में ई-संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा किया गया था। विश्वविद्यालय के लाइब्रेरियन डॉ. पीएन बाजपेयी ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध ई-संसाधनों के उपयोग के लिए विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को प्रोत्साहित करना है। पुस्तकालय ने प्रमुख प्रकाशकों से छह हजार से अधिक ई-बुक्स के अलावा ई-रिसोर्स पैकेज की सदस्यता ली है। विश्वविद्यालय ने हाल ही में टीईक्यूआइपी-3 के अंतर्गत उपलब्ध फंड द्वारा पियरसन एजुकेशन और मैकग्रा-हिल एजुकेशन से 15 लाख रुपये से अधिक की राशि की 243 ई-पुस्तकों की खरीद की है। सीमित उपयोग के साथ सब्सक्राइब की गई ई-पुस्तक इंजीनियरिंग के क्षेत्र से हैं और स्नातक तथा स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई गई हैं। इन ई-पुस्तकों को कंप्यूटर या मोबाइल एप के जरिए एक्सेस किया जा सकता है। विद्यार्थी न केवल इन ई-पुस्तकों को ऑनलाइन एक्सेस कर सकते हैं, बल्कि उन्हें डाउनलोड भी कर सकते हैं और इसे ऑफलाइन पढ़ सकते हैं। ई-बुक्स में टेक्स्ट को अंडरलाइन या हाइलाइट करने, बुकमार्क और नोट्स बनाने की सुविधा है। कार्यक्रम में डीन अकादमिक डॉ. विक्रम सिंह, टीईक्यूआइपी समंवयक डॉ. मुनीश वशिष्ठ और पुस्तकालय समिति के सदस्य डॉ.आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे। (जासं)

**NEWS CLIPPING: 10.09.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# ई-संसाधनों पर हुई कार्यशाला

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय की तरफ से ई-संसाधनों की उपयोगिता के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यशाला का आयोजन डॉ. पीएन वाजपेयी की देखरेख में किया गया। डॉ. पीएन वाजपेयी ने बताया कि पुस्तकालय ने प्रमुख प्रकाशकों से छह हजार से अधिक ई-बुक्स के अलावा ई-रिसोर्स पैकेज की सदस्यता ली है। यूनिवर्सिटी ने हाल ही में 243 ई-पुस्तकें खरीदी हैं। इस मौके पर कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. मुनीश वशिष्ठ, डॉ.आशुतोष दीक्षित, गौरव शर्मा आदि मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 10.09.2019**

## DAINIK BHASKAR

### कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इससे ई-संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित होगा

# जेसी बोस विश्वविद्यालय ने छात्रों के लिए 6000 से अधिक ई-बुक्स व ई-रिसोर्स की सदस्यता ली

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को उनके लिए उपलब्ध विभिन्न संसाधनों और सेवाओं से परिचित करने के लिए ई-संसाधनों पर एक उपयोगकर्ता जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के लाइब्रेरियन डॉ. पीएन बाजपेयी की देखरेख में किया गया।

डॉ. बाजपेयी ने बताया कि कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध ई-संसाधनों के उपयोग के लिए विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय ने प्रमुख प्रकाशकों से 6000 से अधिक ई-बुक्स के अलावा ई-रिसोर्स पैकेज की सदस्यता ली है। पियरसन एजुकेशन से डिजिटल विशेषज्ञ गौरव शर्मा और मैकग्रा-हिल एजुकेशन से आकाश कुमार ने विश्वविद्यालय द्वारा सब्स्क्राइब की गई ई-बुक्स को एक्सेस करने के तरीके के बारे में जानकारी दी। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इससे ई-संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से ई-संसाधनों के ज्यादा से ज्यादा उपयोग का आह्वान भी किया है। इस अवसर पर डीन अकादमिक डॉ. विक्रम सिंह, टीईक्यूआईपी समन्वयक डॉ. मुनीश वशिष्ठ और पुस्तकालय समिति के सदस्य डॉ. आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे।

### ई-बुक्स: 15 लाख रुपए से अधिक की राशि की 243 ई-पुस्तकें खरीदी गई है



**फरीदाबाद.** वाईएमसीए में कार्यशाला को संबोधित करते हुए लाइब्रेरियन डॉ. पीएन बाजपेयी इस दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं।

विश्वविद्यालय ने हाल ही में टीईक्यूआईपी-3 के अंतर्गत उपलब्ध फंड द्वारा पियरसन एजुकेशन और मैकग्रा-हिल एजुकेशन से 15 लाख रुपए से अधिक की राशि की 243 ई-पुस्तकों की खरीद की है।

online

असीमित उपयोग के साथ सब्स्क्राइब की गई ई-बुक्स सभी पुस्तकें इंजीनियरिंग के क्षेत्र से है और अंडरग्रेजुएट तथा पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई गई हैं। इन ई-पुस्तकों को कंप्यूटर या मोबाइल एप के जरिए एक्सेस किया जा सकता है। विद्यार्थी न केवल इन ई-पुस्तकों को ऑनलाइन एक्सेस कर सकते हैं, बल्कि उन्हें डाउनलोड भी कर सकते हैं और इसे ऑफलाइन पढ़ सकते हैं। ई-बुक्स में टेक्स्ट को अंडरलाइन या हाइलाइट करने, बुकमार्क और नोट्स बनाने की सुविधा हैं।